खबर संक्षेप

अवैध कब्जा हटाने की मांग, कल चकाजाम आंदोलन की चेतावनी

कटनी। कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे ग्राम कन्हवारा के ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम दी गई लिखित शिकायत में अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि कन्हवारा मेला मैदान और सरकारी अस्पताल की भूमि पर भू माफिया की नजर है। अतिक्रमणकारियों ने गौरी शंकर मंदिर पहुंच मार्ग को भी बाधित कर दिया है। कलेक्टर को दी गई शिकायत में ग्रामीणों ने कहा कि यदि दो दिनों के अंदर अवैध कब्जा खाली नहीं कराया जाता तो विरोध स्वरूप 15 मई को 11 बजे सुबह मेला मैदान के सामने रोड पर चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त मेला मैदान की जमीन को गांव के ही नामदेव परिवार के पूर्वजों ने अस्पताल बनवाने के लिए भूमि दान में दी थी, पर अब उनके वंशजों द्वारा राजस्व विभाग से मिलीभगत कर के उक्त जमीन के कागजातों में उलटफेर करते हुए अपने नाम दर्ज करवा कर दान दी गई जमीन पर फिर से कब्जा किया जा रहा है। शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने अवैध कब्जा हटाने की मांग की है।

गेंहू उपार्जन की तिथि अब 20 मई तक

कटनी। राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेंहूँ उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की अवधि बढ़ाकर अब 20 मई 2024 कर दी गई है, जो पूर्व में 15 मई 2024 तक निर्धारित थी। जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने बताया कि किसान पंजीयन की सुविधा एवं गेहूँ उत्पादक किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय का अवसर प्रदान करने को दृष्टिगत रखते हुए किसान पंजीयन की अवधि 20 मई तक बढ़ाई गई है।

नवीन नलकूप खनन हेतु अपर कलेक्टर से लेनी होगी अनुमति

कटनी। जिला अंतर्गत सूखाग्रस्त क्षेत्र में निजी भूमि पर नवीन नलकूप खनन हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जारी किये गए आदेशानुसार जिले में नवीन गाइडलाइन के अनुसार नवीन नलकूप खनन की अनुमति प्रदान करने हेतु अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते को अधिकृत किया गया है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी के एस डामोर ने बताया कि नवीन नलकूप खनन की स्वीकृति हेतु आवश्यक दस्तावेज एवं शर्तें निर्धारित की गई है। जिसके तहत आवेदक को आवेदन के साथ प्रस्तावित भूमि का खसरा, रजिस्ट्री, नक्शा की प्रति लगानी होगी इसके अतिरिक्त नलकूप खनन का प्रयोजन भी बताना होगा। नलकूप खनन हेतु भूमि स्वामी का पहचान पत्र यथा आधार कार्ड के साथ ही नलकूप खनन हेतु प्रस्तावित फर्म का ऑनलाइन एम.पी.ई-सर्विस पोर्टल पर फर्म एवं मशीन के पंजीयन की प्रति भी संलग्न करनी होगी। इसके अतिरिक्त खनन करने वाले वाहन की आर.सी. एवं लाइसेंस की प्रति, भूमि स्वामी एवं खनन करने वाले वाहन के मध्य सहमति पत्र लगाना होगा। प्रस्तावित खनन तिथि से न्यूनतम 48 घंटे पूर्व ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा तथा खुले एवं अनुपयोगी नलकूप में बोर कैप लगाना भी अनिवार्य होगा।

विद्यार्थियों को अग्निवीर योजना की दी जानकारी

सिलौंडी। शासकीय महाविद्यालय में छात्र छात्राओं को अग्निवीर योजना के सम्बंध में जानकारी दी गई। क्रीड़ाधिकारी चंदन यादव ने अग्निवीर योजना के मापदंडों, नियमों और निर्देशों से छात्र छात्राओं को अवगत कराया। शारिरिक और भौतिक क्षमताओं को लेकर विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय प्राचार्य रतिराम अहिरवार,सहायक प्राध्यापक पंकज मिश्रा, डॉ.लक्ष्मी प्रसाद बागरी ने लिखित परीक्षा की तैयारी के संबंध में चर्चा किया।

अधिकारियों पर भारी पड़ रही ठेकेदार की मनमानी, 6 माह की समयावधि, 2 माह में बेस भी नहीं बन सका

ई-लायब्रेरी निर्माण की मंथर चाल, जिम्मेदार खामोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

निर्माण कार्यों में सतत निगरानी एवं सख्त कार्यवाही नहीं होने के चलते ठेकेदार मनमानी पर उतारू हो जाते हैं जिसका खामियाजा यह होता है कि तय समय सीमा में विकास कार्य पूर्ण नहीं हो पाते। कई बार कार्य अवधि अधिक बढ़ जाने से न सिर्फ लोगों को सुविधाओं से वंचित होना पड़ता है बल्कि लागत भी और बढ़ जाती है। कटनी नदी पुल निर्माण में ही करीब 14 साल का समय लग गया। इसके अलावा नगर में सीवर लाइन, पीएम आवास सहित सड़क व नाली निर्माण कार्यों में भी ठेकेदारों की मनमानी व कछुआ चाल से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके पीछे मुख्य कारणों में से एक तो यह है कि लेट लतीफी पर सख्त कार्यवाही की बजाये महज नोटिस जारी कर खानापूर्ति की जाती है। दूसरी समय समय पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा निरीक्षण नहीं करने से गुणवत्ता मानकों में भी धांधली की जाती है। कुछ ऐसा ही हाल केसीएस स्कूल में ई लाइब्रेरी भवन निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है।

गुणवत्ता मानकों पर भी सवाल

कलेक्टर अवि प्रसाद एवं महापौर प्रीति संजीव सूरी ने बेहतर विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए केसीएस स्कूल में ई लाइब्रेरी भवन निर्माण के लिए जो योजना तैयार की। निर्माण कार्य भी प्रारंभ किया गया लेकिन भवन निर्माण की मंथर गति इस महत्वपूर्ण योजना में भारी पड़ती दिखाई दे रही है। ठेकेदार के द्वारा केसीएस स्कूल में कराए जा रहे निर्माण कार्य में पूरी तरह मनमानी की जा रही है। यहां ना तो निर्माण की गुणवत्ता का ख्याल रखा जा रहा है और ना ही निर्धारित समय अवधि का। इतना समय बीत जाने के बाद भी अभी तक निर्माण कार्य शुरुआती दौर में ही नजर आता है। निर्माण कार्य में ठेकेदार के द्वारा बरती जा रही लापरवाही को लेकर बीते दिनों नगर निगम के कार्यपालन यंत्री ने ठेकेदार को नोटिस भी जारी किया। नोटिस जारी किए जाने के बावजूद ठेकेदार पर कोई असर होता दिखाई नहीं दे रहा। ठेकेदार लगातार बहु प्रतीक्षित योजना को पलीता लगाता दिख रहा है।

लायब्रेरी निर्माण के लिए मार्च में जारी हुआ था कार्य आदेश

गौरतलब है कि महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा बच्चों की शिक्षा को लेकर ई लाइब्रेरी की सौगात देने के लिए साथ मिलकर केसीएस स्कूल में ई लाइब्रेरी भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। 16 मार्च 2024 को निर्माण कार्य के लिए कार्य आदेश जारी किया गया। निर्धारित कार्य आदेश के मुताबिक 180 दिन में ई लाइब्रेरी बना कर तैयार किया जाना है। कार्य आदेश जारी होने के लगभग दो माह यानी 60 दिन बीतने को आए अभी भी निर्माण कार्य अपने प्रारंभिक दौर में ही दिखाई पड़ रहा है। जहां ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य कछुए की चाल चल रहा है वहीं निर्माण की गुणवत्ता को लेकर भी लापरवाही बरती जा रही है। लोगों का कहना है कि ठेकेदार के द्वारा निर्माण में गुणवत्ता मानकों का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। भवन निर्माण के लिए गुणवत्ता विहीन सामग्री उपयोग की जा रही है। शहर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल के निर्माण में हो रही यह लापरवाही बेहद चिंताजनक है। ठेकेदार की इस मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए समय रहते कलेक्टर एवं महापौर को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए।

जताई थी नाराजगी, नोटिस किया था जारी

निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं धीमी गति को देखते हुए बीते दिनों ननि के कार्यपालन यंत्री के द्वारा ठेकेदार को नोटिस भी जारी किया जा चुका है। नोटिस में कार्य को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यपालक यंत्री ने ठेकेदार को सुधार के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके ठेकेदार की कार्यशैली में सुधार होता नजर नहीं आ रहा है।

महत्वपूर्ण मंशा पर पलीता लगाने में आमादा है ठेकेदार

केसीएस स्कूल में चल रहे ई लाइब्रेरी निर्माण कार्य की गति को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि महापौर एवं कलेक्टर की महत्वपूर्ण एवं जनहितैषी मंशा वाली योजना पर ठेकेदार पलीता लगाने में आमादा है। करीब दो माह का समय व्यतीत होने को आया और अभी ठीक तरह से बेस भी बनकर तैयार नहीं दिखाई पड़ता है। कहना गलत न होगा कि यदि जिम्मेदार अधिकारी इसी तरह से अनदेखी करते रहे और ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य की कछुआ चाल को बढ़ाया नहीं गया तो 6 माह के स्थान में साल भर का समय भी लग सकता है। आगामी महीने से बारिश का मौसम प्रारंभ होने वाला है जिससे कार्य में व्यवधान हो सकता है। कुल मिलाकर यदि अभी से ठेकेदार की नकेल नहीं कसी गई तो और कार्य की तरह यह भी लटक जाएगा।

एनकेजे थाना क्षेत्र निवासी युवक ने उठाया आत्मघाती कदम, जांच में जुटी पुलिस

ससुराल से लौटते समय युवक ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

एनकेजे थाना क्षेत्र के रोशननगर में रहने वाला एक युवक अपनी पत्नी व बच्चे के साथ बड़वारा क्षेत्र के दड़ौरी गांव स्थित अपनी ससुराल गया था। वहां पर उसका ससुराल पक्ष के लोगों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद के बाद युवक अपनी कार से वापस रोशननगर के लिए निकल आया। रास्ते में युवक ने कहीं से जहर खरीदा और उसका सेवन कर लिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तो उसकी कार चला रहा युवक उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। वहां पर रविवार की रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार रोशन नगर निवासी 40 वर्षीय कुलदीप दाहिया रविवार को अपनी पत्नी व एक बच्चे के साथ अपनी ससुराल बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम दड़ौरी गया था। वहां पहुंचकर उसने ससुराल पक्ष के सभी लोगों को बुलाया और किसी बात को लेकर उनके बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ा तो मारपीट की नौबत आ गई। इस बीच युवक ने पत्नी से घर चलने को कहा तो मारपीट के डर से उसने जाने से इंकार कर दिया। इससे नाराज कुलदीप अपने कार चालक के साथ अकेले ही घर के लिए निकल पड़ा।

बसाड़ी गांव के पास उसने ड्राइवर से कार रुकवाई और कुछ खरीदने चला गया। लौटने के बाद सुड्डी गांव के पास एक प्याऊ में रूका और ड्राइवर से टायलेट जाने की बात कहकर प्याऊ के पास चला गया। वहां उसने कुछ खाते हुए पानी पिया और वापस लौटकर कार में बैठ गया। कुछ ही देर बाद उसकी हालत खराब होने लगी। चालक को उसके जहर खाने का अंदेशा हुआ। इसके चलते उसने कूलदीप के स्वजन को सूचना दी और कुलदीप को लेकर सीधे जिला अस्पताल पहुंचा। वहां उसकी हालत गंभीर होने की वजह से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जबलपुर के लिए रेफर कर दिया गया। हालांकि जबलपुर रवाना होने से पहले उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी है।

मदर्स डे पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

ढीमरखेड़ा। शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में सीएमसीएलडीपी की कक्षाओं के दौरान मातृदिवस समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक बबीता शाह के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने मां के महत्व के बारे में अपने विचार प्रकट किए। छात्र सतेन्द्र सिंह राजपूत, प्रहलाद विश्वकर्मा, छात्रा नीलम मौर्य और नीता विश्वकर्मा ने माँ के प्रति अपने शानदार उद्गार व्यक्त किया। इस मौके पर सेक्टर प्रभारी अंकित झारिया मौजूद रहे।

सुरक्षा बलों को चाक चौबंद निगरानी के दिये निर्देश

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने सोमवार को स्थानीय कृषि उपज मंडी स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने पहुँचे। यहां उन्होंने आयोग के निर्देशानुसार चॉक चौबंद व्यवस्थाएं देखी। साथ ही उन्होंने एक विजिटर की भांति प्रथम एंट्री गेट और दूसरे इंट्री गेट पर रखें गए पंजीयन रजिस्टर पर एंट्री कर सुरक्षा गार्ड से दो चक्र में लगी सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा सीसीटीवी कैमरों से हो रही लगातार निगरानी के वीडियो फुटेज का जायजा लिया और सुरक्षाबलों को मुस्तैद रहकर निगरानी करने के निर्देश दिए। आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार स्ट्रांग रूम की 24 घंटे निगरानी हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की शिफ्टवार डयूटी लगाई गई है। इसके अलावा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद भी इस दौरान रोजाना स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था चाक- चौबंद रखने के निर्देश दिए जा रहे है।

बाइक सवार युवकों को वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत

कुठला थाना के लमतरा ओवर ब्रिज समीप हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने सीधी टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल भिजवाया गया है। हादसा कुठला थाना क्षेत्र के लमतरा ओवर ब्रिज के समीप हुआ।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरैनी निवासी 18 वर्षीय करण पिता प्रीतम कोल अपने साथी पड़ोसी राजन कोल के साथ सुरकी अपनी नानी के घर गया था। रात लगभग साढ़े आठ बजे जब वे दोनो नानी के घर से गेहूं लेकर लौट रहे थे इसी दौरान अज्ञात बलकर ने उन्हें लामतरा ओवर ब्रिज के समीप धर्मकांटा के सामने सीधी टक्कर मार दी। हादसे में करण की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि राजन गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्ष दर्शनों ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि करण के की चिथड़े उड़ गए। घायल राजन को भी गंभीर चोटें आई हैं उसे इलाज के लिए शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

616 लंबित सीमांकन प्रकरण निराकृत, बहोरीबंद तहसील आगे

सीमांकन प्रकरणों के निपटारे में तेजी लाने राजस्व अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले में सीमांकन प्रकरणों के निराकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत राजस्व अधिकारियों द्वारा किये गये बेहतर कार्य की वजह से अभियान के तहत सोमवार 13 मई तक जिले में सीमांकन के 616 प्रकरण निराकृत किये जा चुके है।

सीमांकन मामलों के लंबित प्रकरणों के निपटारे के नजरिये से जिले की बहोरीबंद तहसील अग्रणी है। यहां अब तक 87 सीमांकन के प्रकरण निराकृत किये जा चुके है। इसी प्रकार द्वितीय स्थान पर तहसील कटनी नगर द्वारा सीमांकन के 85 प्रकरण का निराकरण किया जा चुका है। जबकि तीसरे स्थान पर बड़वारा तहसील ने 79 सीमांकन के प्रणो का निराकरण किया है। इसी तरह तहसील स्लीमनाबाद एवं विजयराघवगढ़ सीमांकन के 68-68 प्रकरणों का निराकण करते हुए संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर काबिज है।

सीमांकन के निराकरण के मामलों में तहसील ढीमरखेड़ा 65 प्रकरणों का निपटान करते हुए पांचवे स्थान पर है। जबकि तहसील बरही द्वारा छठवे स्थान पर रहकर 61 सीमांकन प्रकारणों का निराकरण किया गया है। इसी तरह तहसील रीठी द्वारा अब तक 55 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण करते हुए सातवे स्थान पर है जबकि तहसील कटनी सीमांकन के 48 प्रकरणों का निराकरण कर अंतिम पायदन पर है।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने राजस्व अधिकारियों को सीमांकन प्रकरणों के निराकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

बताते चलें कि कलेक्टर श्री प्रसाद ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में निर्देशित किया था कि वर्तमान में गेहूं की फसल की कटाई की जा चुकी है ऐसे में जून माह तक खेतों के खाली रहने की ही संभावना है। यह स्थिति सीमांकन करने के लिए आदर्श और बेहतर स्थिति है। इसलिए सभी राजस्व अधिकारी इस सहज और अनुकूल स्थिति में लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की दिशा में त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करें। ताकि सीमांकन के सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण हो सके। इसके बाद सीमांकन प्रकरणों के निपटारे में तेजी आई है।

18 प्रतिष्ठानों को 7 दिनों के अंदर कार्यवाहियां पूर्ण करने स्मरण पत्र जारी

अवैध रूप से होटल का संचालन करने पर 25 प्रतिष्ठानों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जल व वायु अधिनियम के अंतर्गत सम्मति प्राप्त नहीं करनें तथा अवैध रूप से होटल, रेस्टोरेंट एवं मैरिज गार्डन संचालन करने के संबंध मे मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 25 प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया था। जिनमें से 6 प्रतिष्ठानों द्वारा जल, वायु सम्मति प्राप्त करने हेतु आवेदन किया जा चुका है।

क्षेत्रीय अधिकारी मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया कि 25 प्रतिष्ठानों को जारी किये गए नोटिस में विजयराघवगढ़ के रामाश्रय मैरिज गार्डन के संचालक द्वारा मैरिज गार्डन बंद कर दिये जानें की सूचना के बाद शेष 18 प्रतिष्ठानों को पुनः साथ ही 7 दिवस के अंदर सभी कार्यवाहियां पूर्ण न होने की स्थिति में कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है।

क्षेत्रीय अधिकारी मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस में उल्लेखित किया है कि पूर्व में इन दोनों प्रतिष्ठानों में होटल व रेस्टोरेंट के संचालन हेतु मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सम्मति व लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही होटल रेस्टोरेंट इकाई का संचालन करने के लिए कहा गया था। इन सभी संस्थानों को एन.जी.टी के निर्देशों के अनुरूप मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जल व वायु अधिनियम के अंतर्गत सम्मति प्राप्त करना अनिवार्य था। लेकिन समय- समय पर पत्र द्वारा दिये गए निर्देशों की अवहेलना करने की वजह से अंतिम बार निर्देशित किया जा रहा है कि मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सम्मति व लाइसेंस प्राप्त कर ही होटल व रेस्टोरेंट का संचालन करें।साथ ही जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु प्रदूषण रोधी संयंत्र भी लगाना जरूरी है।

25 प्रतिष्ठानों को जारी हुआ था नोटिस

मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जिन 25 प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया है उनमें बाम्बे होटल माधव नगर कटनी मेसर्स गोलू रेस्टोरेंट शांति नगर माधव नगर गेट के सामने, उर्वशी रेस्टोरेंट विश्राम बाबा रोड कटनी चौरसिया मैरिज गार्डन रामकृष्ण परमहंस वार्ड, विरासत मैरिज गार्डन आचार्य विनोवा भावे वार्ड, मंगलम मैरिज गार्डन आचार्य विनोबा भावे वार्ड, मुहूर्त मैरिज गार्डन जालपा देवी वार्ड, चौरसिया मैरिज गार्डन इंदिरा गांधी वार्ड, गुलमोहर मैरिज गार्डन राम मनोहर लोहिया वार्ड, जलसा मैरिज गार्डन, खरे मैरिज गार्डन, मधुर मिलन मैरिज गार्डन, बाल गंगाधर तिलक वार्ड, राज पैलेस होटल, रेस्टोरेंट मण्डी रोड, पंजाबी मंडल धर्मशाला आचार्य कृपलानी वार्ड, सिंधु भवन धर्मशाला बाबा नारायण शाह वार्ड, संत बाबा आत्माराम धर्मशाला हेमू कालाणी वार्ड तथा दिव्यांचल मैरिज गार्डन महाराणा प्रताप वार्ड शामिल है।

इसके अतिरिक्त मुख्य न गर पालिका अधिकारी कैमोर, विजयराघवगढ़, बरही एवं एसडीएम बाहरीबंद द्वारा मैरिज गार्डनों की प्राप्त सूची अनुसार अनाधिकृत रूप से संचालित रामाश्रय मैरिज गार्डन विजयराघवगढ़, गोपाल पैलेस विजयराघवगढ़, शिवाय मैरिज गार्डन विजयराघवगढ़ रोड बरही, ताम्रकार मैरिज गार्डन वार्ड क्रमांक 9 बरही, गौरंग मैरिज गार्डन आमरपुर रोड बरही, आलीशान मैरज गार्डन वार्ड क्रमांक 8 बरही, आद्यया मंडपम वार्ड क्रमांक 11 खितौली रोड बरही, तिलक राज ग्रोवर ग्राम देवरी मझगवां को जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम 1981 की धारा के तहत सम्मति प्राप्त करनें हेतु नोटिस जारी किया गया।

मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 25 प्रतिष्ठानों को जारी किये गए नोटिस के बाद जिन प्रतिष्ठानों द्वारा सम्मति व लाइसेंस प्राप्त करने हेतु पूर्ण तिथि एवं शुल्क सहित आवेदन बोर्ड की वेबसाइट में एक्स.जी.एन के माध्यम से कर दिया है उसमें गोलू रेस्टोरेंट शांति नगर, जलसा मैरिज गार्डन लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, राज पैलेस मैरिज गार्डन बाल गंगाधर तिलक वार्ड, तिलक राज ग्रोवर ग्राम देवरी मझगवां, बाम्बे होटल माधव नगर कटनी तथा उर्वशी रेस्टोरेंट शामिल है।

40 हजार नकदी सहित लाखों के जेवरात चोरी

निवार चौकी के ग्राम खजरी में हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

माधवनगर थाना की निवार चौकी के ग्राम खजरी में सूने घर का फायदा उठाकर चोरों ने नकदी सहित जेवरात चोरी कर लिये। चोरों ने वारदात को उस समय अंजाम दिया जब परिवार के लोग गांव में चल रही भागवत कथा में शामिल होने गए थे। चोरों ने घर का ताला तोड़कर 40 हजार नगदी सहित लाखों रुपए के जेवरात पार कर दिए। भागवत कथा सुनने के बाद जब परिवार घर वापस लौटा तो घर का ताला टूटा देख सभी के होश उड़ गए। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए जांच कार्यवाही शुरू कर दी है।

निवार चौकी प्रभारी दुर्गेश तिवारी ने बताया कि 12 मई को ग्राम खजरी निवासी 52 वर्षीय जगदीश प्रसाद उरमालिया पिता राजेंद्र प्रसाद उर्मालिया गांव के पास ही चल रही भागवत कथा सुनने के लिए परिवार सहित गए हुए थे। सुना घर पाकर अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर के अंदर अलमारी में रखे 40 हजार नगद और लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए। घर में चोरी होने की जानकारी परिवार जनों को तब लगी जब वह भागवत कथा सुनकर घर वापस लौटे। पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत प्रकरण दर्ज करते हुए जांच कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

खबर संक्षेप

शतायु मां से मारपीट एवं जेवरात छीनने के आरोप

कटनी। ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत महूदा में 100 वर्षीय वृद्ध मां के साथ बेटे-बहू के द्वारा मारपीट किए जाने की घटना प्रकाश में आई है। मारपीट में घायल वृद्ध मां को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। जिला अस्पताल में वृद्ध मां बुटू बाई रजक की देखरेख कर रही बेटी उर्मिला रजक ने बताया कि उसका भाई किशोरी लाल रजक व भाभी ममता रजक गत दिवस वृद्ध मां के पास पहुंचे और उसके साथ मारपीट करते हुए पेटी का ताला तोड़कर उससे सोने-चांदी के जेवर व नगदी लेकर चंपत हो गए। पड़ोसियों से जानकारी लगने के बाद वह मां के पास पहुंची और उसे जिला अस्पताल लेकर आई। जहां भर्ती कर उसका उपचार किया जा रहा है। मामले की शिकायत पुलिस से भी की गई है लेकिन पुलिस ने अब तक इस मामले में कोई अपराध कायम नहीं किया है।

फर्जी हाजिरी लगाकर पैसे मांगने के आरोप

कटनी। जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत कैलवारा खुर्द के सरपंच व पंच की शिकायत लेकर मनरेगा के मजदूर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पास पहुंचे। मजदूरों ने बताया कि ग्राम पंचायत कैलवाराखुर्द के अंतर्गत ग्राम टिकरिया में कौहारी नदी के गहरीकरण का कार्य चल रहा है। यहां आए दिन सरपंच व पंच आते हैं और फर्जी हाजरी लगाकर पैसों की मांग करते हैं। ऐसा नहीं करने पर काम बंद कराने की धमकी देते हैं। मजदूरों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मनरेगा के तहत कौहारी नदी के गहरीकरण कार्य को सुचारू रूप से कराने व सरपंच व पंच पर कार्रवाई करने की मांग की है।

समस्याओं को दर्ज कराने जारी किया नंबर

कटनी। निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल के निर्देशन में शहर में सीवरेज लाइन कार्य के दौरान शहरवासियों को आ रही समस्याओं को दर्ज कराने के लिए सीवरेज हेल्पलाइन कंट्रोल रूम दूरभाष 9755408129 जारी किया है। श्री शुक्ल द्वारा बताया गया कि उक्त हेल्पलाइन नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए स्थापित किया गया है।शहरवासी सप्ताह के सातों दिन सीवरेज हेल्पलाइन कंट्रोल रूम के द्वारा अपनी समस्याओं को दर्ज करा कर निराकरण करा सकेंगे।

राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन 31 तक

कटनी। संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश 01 अप्रेल 2023 से 31 मार्च 20234 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2023 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। अधिकृत राज्य प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को राशि 10 हजार रुपये रजत पदक विजेता खिलाड़ी को राशि रूपये 8 हजार रुपये एवं कास्य पदक विजेता खिलाड़ी को राशि रूपये 6 हजार रूपये खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है। वर्ष 2024 की खेलवृत्ति हेतु आवेदन 31 मई 2024 तक स्वीकार किये जा सकेगे।

जन संवाद कार्यक्रम के तहत जिले भर के थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा किया जा रहा आयोजन, सतर्क रहने किया प्रेरित

अपराधिक घटनाओं एवं साइबर ठगी से बचने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

दिनों दिन बढ़ते अपराधिक मामले, साइबर ठगी, महिला संबंधी अपराध, दुर्घटनाओं से बचने एवं सतर्क रहने के लिए पुलिस द्वारा नागरिकों को जागरूक करने के लिए जनसंवाद कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पुलिस और आमजन के बीच की दूरी को कम करने के उद्देश्य से इन दिनों जिला पुलिस बल के द्वारा लोगों के बीच पहुंचकर अपराधों से बचने के लिए सतर्क रहने एवं समस्याओं को बताने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

एसपी के निर्देश पर जिले भर के थाना क्षेत्रों में आयोजन

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर चलाए गए जन संवाद कार्यक्रम के क्रम में बीती रात कोतवाली प्रभारी आशीष शर्मा अपने स्टाफ सहित आधी रात स्टेशन तिराहे पहुंचे और वहां पर उन्होंने लोगों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं पूछी। संवाद कार्यक्रम को लेकर जानकारी देते हुए शहर कोतवाल आशीष शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जन संवाद करते हुए लोगों को साइबर अपराधों से सतर्क रहने महिला संबंधी अपराधों सड़क दुर्घटनाओं एवं मासूम बच्चों के अपहरण या उनकी गुमशुदगी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। गत देर रात शहर कोतवाल आशीष शर्मा, खिरहनी चौकी प्रभारी कुलदीप सिंह, सब इंस्पेक्टर अरुण पाल सिंह सहित कोतवाली के स्टाफ ने स्टेशन तिराहे में लोगों से संवाद किया। इस दौरान एक सैकड़ो से भी अधिक लोग वहां मौजूद रहे।

पुलिस तक पहुंचाये जानकारी

इसी तरह रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने थाना क्षेत्र में स्थित विशाल मेगा मार्ट में आए हुए लोगों को एकत्र करके उनसे संवाद किया और उन्हें अपराधों के प्रति जागरूक रहने के लिए आवश्यक बातें बताई। जन संवाद कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री रंजन के निर्देश पर पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र में प्रतिदिन जन संवाद करते हुए उन्हें अपराधों के प्रति जागरूक रहने एवं विपरीत परिस्थितियों में पुलिस की मदद पाने के तरीकों के संबंध में जानकारी प्रदान की जा रही है।

इसी क्रम में थाना क्षेत्र में स्थित विशाल मेगा मार्ट में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां पर खरीदारी करने आए लोगों को एकत्र करके उन्हें साइबर अपराध, महिला संबंधी अपराध, सड़क हादसों के दौरान घायलों को मदद करते हुए पुलिस को सूचना देने संबंधी बातों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही लोगों को अपराधिक तत्वों से सतर्क रहते हुए इसकी जानकारी पुलिस तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान थाने का स्टाफ भी मौजूद रहा।

खितौली पुलिस ने तिराहे में किया जनसंवाद

बरही थाना अंतर्गत खितौली पुलिस चौकी के ग्राम खितौली में प्रभारी केके पटेल के द्वारा दुर्गा मंदिर तिराहे पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। एसपी के निर्देशन एवं एडि एसपी डां संतोष डेहरिया, सीएसपी श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन व एसडीओपपी विजयराघवगढ़ केपी सिंह व बरही थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में चौकी प्रभारी जन संवाद करते हुए लोगों को साइबर अपराधों से सतर्क रहने महिला संबंधी अपराधों सड़क दुघर्टनाओं एवं मासूम बच्चों के अपहरण या गुमशुदगी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। रविवार शाम को दुर्गा मंदिर के समाने खितौली में बरही रोड पर जन संवाद आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में आरक्षक अंकित बड़गैया, अशीष पटेल, भाजपा नेता रामलाल गुप्ता, डॉ प्रदीप तिवारी, केके गर्ग, बिरेंद्र सिंह, समाजसेवी सत्य प्रकाश तिवारी, पप्पू प्रमोद केवट, बिरेंद्र गुप्ता, अरविंद दुबे, मंजू, केपी सिंह, विमल केवट, केशव प्रसाद तिवारी बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

एसपी के निर्देशन में कोतवाली पुलिस को मिली सफलता

कैलवाराखुर्द से लापता हुई दो बालिकाओं को पश्चिम बंगाल से किया गया दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

कोतवाली पुलिस ने कैलवाराखुर्द निवासी लापता दो बालकों को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। कोतवाली प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि एसपी अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा नाबालिग बालक, बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग बालक, बालिकाओं के गुमने की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए बालक, बालिकाओं को दस्तयाब कर सुरक्षित उनके परिजनों को सुपुर्द किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि 26 अप्रैल 2024 को ग्राम कैलवारा खुर्द से फरियादिया ने थाने आकर रिपोर्ट लिखाई कि उनकी नाबालिग लड़की जिनकी उम्र क्रमशः 14 वर्ष एवं 12 वर्ष है। घर से कैलवारा फाटक जाने का बोलकर निकली थी जो घर वापस लौटकर नही आई। लगता है दोनों नाबालिग बालिकाओं को कोई अज्ञात व्यक्ति अपने साथ बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली कटनी में धारा 363 भादवि. का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। घटना की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। टीम गठित कर लगातार अपहृत बालिकाओं की तलाश की गई। जिसके फलस्वरूप सूचना मिली कि उक्त दोनों बालिकाओं को सी.डब्ल्यू.सी आसनसोल पश्चिम बंगाल से रेस्क्यू किया जाकर चाईल्ड वेलफेयर सेल्टर होम वर्धमान में रखा गया है। जिसकी फोन के माध्यम से पुष्टि की गई। थाना कोतवाली से पुलिस टीम को आसनसोल पश्चिम बंगाल रवाना किया गया। जहां विधिक कार्यवाही उपरांत वर्धमान वेलफेयर सेल्टर होम से दोनों बालिकाओं को दस्तयाब कर कटनी लाया गया और परिजनों को सुपुर्द किया गया है। बालिकाओं के सकुशल मिलने पर परिवारजनों ने कोतवाली पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

बालिकाओं की दस्तयाबी में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. आशीष कुमार शर्मा, चौकी प्रभारी बस स्टेण्ड उनि. अंकित मिश्रा एवं सउनि. विजय शंकर गिरी, सउनि. दीपेन्द्र शर्मा, म.आर. दिव्या तिवारी, आर. मंसूर हुसैन, मयंक सिंह, दिनेश सेन की अहम भूमिका रही।

ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहन चालकों पर की कार्रवाई

यातायात पुलिस ने पन्ना तिराहे में भारी वाहनों में प्रेशर हॉर्न लगाकर तेज ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की। इसी दौरान पन्ना तिराहे है में रोड लाइट जंप करने वाले लगभग एक दर्जन से अधिक वाहन चालकों के खिलाफ भी जुर्माने की कार्यवाही की गई। जानकारी देते हुए यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ एवं रेड लाइट जंप करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त निर्देशों के आधार पर रविवार देर शाम पन्ना तिराहे में वाहनों की जांच के लिए टीम लगाई गई। जांच करते हुए प्रेशर हार्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण फैला रहे दो बसों के खिलाफ जुर्माना लगाया गया इसके साथ ही लगभग एक दर्जन वाहन चालकों के द्वारा रेड लाइट जंप करने पर कार्यवाही की गई। यातायात प्रभारी ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले एवं रोड लाइट जंप करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही आगे भी इसी तरह जारी रहेगी।

जनसंवाद आयोजित कर लोगों को अपराधों से बचने दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बड़वारा

बड़वारा एवम समीपस्थ ग्राम जगतपुर उमरिया में जनता और पुलिस के मध्य सीधा जनसंवाद का आयोजन किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सन्तोष डेहरिया,नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याती मिश्रा के निर्देशानुसार ग्राम बड़वारा , जगतपुर उमरिया में ग्रामीण जनों के साथ जन संवाद आयोजित कर बैठक ली गई ।

सावधान व सतर्क रहें

बैठक के दौरान बड़वारा थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी ने जनता से सीधा संवाद करते हुए एक्सीडेंट के बढ़ते मामलों के संबंध में जागरूकता, साइबर अपराधों से सतर्कता, गुमशुदा बालक बालिकाओं के संबंध में जागरूकता एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के संबंध में चर्चा की। जनता दरबार मे जनता की समस्याओं से मुखातिब होते हुए बड़वारा थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी ने अपराधिक तत्वों से सावधान व सतर्क रहने की बात कही। जनसंवाद में स्थानीय व क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं का निराकरण करबाने की बात कही व आश्वाशन दिया। थाना प्रभारी ने महिला सम्बन्धी अपराधों,साइबर सम्बन्धी अपराधों, सड़क, विजली, पानी कि समस्याओं को लेकर चर्चा की व समस्याओं का निराकरण करबाने की बात कही। इस दौरान स्थानीय व क्षेत्रीय जन मौजूद रहे।

74 हजार 212 मीट्रिक टन गेहूं का किया जा चुका परिवहन

जिले में अब तक 85 हजार 32 मैट्रिक टन गेहूं उपार्जित, बहोरीबंद अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए जिले की समस्त तहसीलों में स्थापित 85 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से सोमवार 13 मई तक की अवधि में कुल 85 हजार 32 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जाकर 74 हजार 212 मैट्रिक टन गेहूं का परिवहन भी किया जा चुका है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने शेष गेहूं का शीघ्र परिवहन करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए है।

कलेक्टर श्री अवि प्रसाद के निर्देशन में जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में उपार्जन का कार्य जारी है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने उपार्जित उपज का अविलंब परिवहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में आवक रजिस्टर संधारित करने के साथ ही उपार्जन केंद्रों के लिये जारी नीति-निर्देशों के तहत केंद्रों में छन्ना, पंखा, मॉइश्चर मीटर, परखी, तिरपाल एवं कृषकों के बैठने के लिए छायादार व्यवस्था तथा पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही राजस्व, खाद्य विभाग के अधिकारियों को निरंतर भ्रमण कर खरीदी केन्द्रों में कार्य का जायजा लेने के निर्देश दिए है।

उपार्जन एवं परिवहन कार्य में बहोरीबंद फिर अव्वल

जिले की समस्त तहसीलों में किये जा रहे उपार्जन कार्य में सोमवार 13 मई की स्थिति में तहसील बहोरीबंद निरंतर बढ़त बनाए हुए है। तहसील बहोरीबंद में अब तक कुल 4400 किसानों से 28 हजार 31 मैट्रिक टन गेहूं का उपार्जन कार्य किया जा चुका है इसमें से 25 हजार 314 मैट्रिक टन का परिवहन भी किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर काबिज तहसील ढीमरखेड़ा मे 3777 किसानों से 21 हजार 531 मैट्रिक टन गेंहूं का उपार्जन किया जाकर 19 हजार 668 मैट्रिक टन गेहूं का परिवहन भी किया जा चुका है।

तीसरे नंबर पर तहसील स्लीमनाबाद द्वारा 1268 किसानों से कुल 8 हजार 730 मैट्रिक टन गेंहूं का उपार्जन किया जाकर 8 हजार 327 मैट्रिक टन का परिवहन भी किया जा चुका है। वहीं चौथे नंबर पर तहसील विजयराघवगढ़ में 1214 किसानों से 8 हजार 473 मैट्रिक टन की खरीदी की जाकर 6 हजार 25 मैट्रिक टन का परिवहन भी किया जा चुका है। इसी प्रकार पांचवे नंबर पर तहसील बरही द्वारा 1158 किसानों से 5 हजार 741 मैट्रिक टन उपार्जित किया जाकर 3 हजार 772 मैट्रिक टन गेंहूं का परिवहन भी किया जा चुका है।

सबसे पीछे है बड़वारा

छठवे नंबर पर तहसील रीठी द्वारा 970 किसानों से 5 हजार 320 मैट्रिक टन की खरीदी उपरांत 4 हजार 665 मैट्रिक टन का परिवहन कार्य किया जा चुका है। वहीं सातवे नंबर पर तहसील बड़वारा में 724 किसानों से 3 हजार 777 मैट्रिक टन की खरीदी उपरांत 3 हजार 198 मैट्रिक टन का उपर्जन के साथ ही तहसील कटनी में 13 मई की स्थिति में कुल 542 किसानों से 3 हजार 429 मैट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जाकर 3 हजार 225 मैट्रिक टन गेंहू का परिवहन भी किया जा चुका है।

टीएल बैठक में कलेक्टर ने योजनाओं की समीक्षा कर दिये निर्देश

समस्याओं का संवेदनशीलता से निराकरण करने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का निराकरण संवेदनशील और जवाबदेही के साथ करने के निर्देश दिए। समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने चाका मार्ग पर पुलिया के पास हनुमान मंदिर मार्ग की जर्जर सड़क के सुधार कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग एवं नगर निगम के अधिकारियों को संयुक्त विजिट कर नियमानुसार सड़क मरम्मत कार्य करानें के साथ ही कार्यपालन यंत्री पी.आई.यू को जिला चिकित्सालय में आवश्यक मरम्मत कार्य करानें और चिकित्सालय परिसर में सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा को आवश्यक कार्यवाही करानें हेतु निर्देशित किया गया।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा उच्च न्यायालय में प्रचलित अवमानना प्रकरणों, सहित राजस्व विभाग एवं अन्य विभागों के उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की जाकर जनपद पंचायत के सी.ई.ओ, स्कूल शिक्षा विभाग, नगर निगम, जिला शिक्षा केन्द्र जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को लंबित न्यायालयीन प्रकरणों में समय पर जवाबदावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

किसानों की लबित राशि का करें भुगतान

समूह एवं बैंक के माध्यम से कृषकों को धान बिक्री की राशि के भुगतान की जानकारी की प्रक्रिया से अवगत होकर कलेक्टर श्री प्रसाद ने कृषकों की लंबित राशि का भुगतान शीघ्रता से करनें तथा जानकारी से अवगत कराने के निर्देश नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों को दिए।

रहवासी क्षेत्रों से अलग करें कबाड़ दुकान

ग्रीष्म ऋतु में होने वाली संभावित अग्नि दुर्घटना की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए टाउन एंड कंट्री प्लान को दृष्टिगत रखते हुए रहवासी क्षेत्रों में संचालित हो रहे कबाड़ व्यवसाय को चिन्हित कर नोटिस की कार्यवाही करते हुए शीध्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने की हिदायत नगर निगम के अधिकारियों को दी गई।

दिव्यांग छात्रों की शिक्षा हेतु करें संयुक्त बैठक

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा नवीन सत्र 2024-25 में छात्रों को स्कूलों में प्रवेश दिलाने की प्रक्रिया के दौरान जिले के दिव्यांग छात्रों की शिक्षा को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षा विभाग, डीपीसी एवं सामाजिक न्याय विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित कर दिव्यांग छात्रों को चिन्हित कर उन्हें स्कूलों में प्रवेश दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

वैक्सीनेशन अभियान में तेजी लायें

जिले में संचालित एडल्ट बी.सी.जी वैक्सीनेशन की समीक्षा के दौरान कम प्रगति पाये जाने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा नाराजगी व्यक्त की जाकर सी.एम.एच.ओ डॉ आर.के. आठ्या को वैक्सीनेशन हेतु जागरूकता अभियान कार्य में तेजी लाने की हिदायत दी गई। साथ ही इस संबंध में अपील एवं आवश्यक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर श्री प्रसाद ने सुविधा की दृष्टि से दीनदयाल रसोई योजना के तहत चलित वाहन को जिला चिकित्सालय परिसर में खडा कराये जानें, अवैध रेत उत्खनन के संबंध में जांच कर इसी सप्ताह जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करनें, पर्यावरणीय स्वीकृति में निहित शर्तों के पालन प्रतिवेदन हेतु खनिज विभाग की बैठक आयोजित करने, विद्यालय एवं छात्रावास भवन में पेयजल एवं बिजली की व्यवस्था सुदृढ़ करने, कोदो एवं कुटकी के किसानों का चिन्हांकन करने, जिला चिकित्सालय में की जा रही सोनोग्राफी की प्रति सप्ताह जानकारी प्रेषित करने सहित अन्य अन्य प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, विवेक गुप्ता, ज्योति लिल्हारे सहित समस्त एस.डी.एम मौजूद रहे।

दिन में नहीं मिलते अभिभावक व बच्चे, रात में भराये जा रहे छात्रवृत्ति के फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

जिले में कक्षा नवमीं से लेकर 12वीं तक के अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देने के लिए एमपी टास्क पोर्टल के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज अपलोड कराए जा रहे हैं। प्रभारी प्राचार्य विपिन तिवारी सहित शिक्षकों ने कार्य पूरा करने के लिए रात का समय चुना।

दरअसल नैंगवा से लगे खुसरा, रमपुरा और कुड़ाई गांवों में अधिकांश आदिवासी परिवार रहते हैं। उनका रोजगार का साधन वनोपज है, जिसके चलते वर्तमान में अधिकांश बच्चे व उनके अभिभावक सुबह से तेंदूपत्ता व चार तोड़ने जंगलों में चले जाते हैं, जो शाम तक ही घर वापस लौटते हैं। ऐसे में बच्चों की जानकारी पोर्टल में दर्ज नहीं हो पा रही थी। रीठी जनपद पंचायत के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नैंगवा के शिक्षकों ने छात्रों को लाभ दिलाने रात को पहुंचकर कार्रवाई पूरी कराने का जिम्मा उठाया है।

शिक्षक पिछले तीन दिन से नैंगवा व उसके पोषित गांवों में रात को पहुंचकर आवेदन के साथ जन्मतिथि में सुधार, जाति प्रमाण पत्र बनाने, आधार कार्ड आदि का सुधार सहित अन्य कार्य पूरा कराने में जुटे हैं। प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि गांव में तीन दिन से बिजली बंद है और इसके चलते वाहन व मोबाइल के प्रकाश के सहारे छात्रों की प्रोफाइल पूरी कराई गई। जिसमें 20 बच्चों के आवेदन जमा कराए गए हैं और आगे भी कलेक्टर अवि प्रसाद व डीइओ पीपी सिंह के निर्देश पर यह अभियान जारी रहेगा।

खबर संक्षेप

कलेक्टर ने ग्रीन लीफ प्रमाण पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

पन्ना। कलेक्टर सुरेश कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए संचालित होम स्टे, रिसोर्ट एवं होटल को ग्रीन लीफ प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला कलेक्टर द्वारा आज कलेक्टर कक्ष में रमाबाई होम स्टे, केन रिवर लॉज, कर्णावती रिट्रीट होम स्टे, केन रिसोर्ट को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी सहित जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

हनुमान मंदिर में आयोजित होगा सुंदरकांड एवं भंडारा

देवेन्द्रनगर। देवेंद्रनगर से 10 किलोमीटर दूर पन्ना रोड स्थित लोगों के आस्था केंद्र राजा दहार हनुमान मंदिर में देवेंद्र नगर के स्थानीय पत्रकारों की टीम द्वारा धार्मिक भावनाओं और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 14 मई को दोपहर 12 बजे से संगीतमय सुंदर काण्ड और विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है जिसमे जिले भर के पत्रकार प्रशासनिक और राजनैतिक व्यक्तियों के साथ जिले भर के नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। आयोजक पत्रकार समिति देवेंद्र नगर ने बताया की आयोजन को भव्य बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

पन्ना। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को 10वीं एवं 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया जिसमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पन्ना का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।

राजस्व अधिकारियों की बैठक संपन्न, दिये गये अहम दिशा-निर्देश

राशन दुकानों, स्वास्थ्य केन्द्रों व आंगनबाड़ी का निरीक्षण कर रिपोर्ट दी जाये: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के सभी राजस्व अधिकारी अच्छा काम कर रहे हैं सुझाव दें और बेहतर कार्य अंजाम कैसे दिया जा सकता है। मिशन मोड में प्रक्रियाओं का पालन करते हुए प्रकरणों का तत्परता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस आशय की बात कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज राजस्व अधिकारियों की आयोजित बैठक में कही। उन्होंने कहा अविवादित नामांतरण के प्रकरणों का निपटान इस माह की 27 मई को मेगा कैंप में किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर मीना मसराम विशेष रूप से मौजूद रहीं। कलेक्टर श्री कोचर ने राजस्व अधिकारियों से कहा आगामी जून माह से सभी राजस्व अधिकारी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित होने वाले पीडीएस दुकानों, स्वास्थ्य केन्द्रों और आंगनबाड़ी केन्द्रों का आवश्यक रूप से निरीक्षण कर रिपोर्ट देंगे। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से कहा कि अनुसूचित जाति / जनजाति के छात्रों जिनका आधार-समग्र और जाति प्रमाण पत्र तकनीकी समस्या है, निराकरण के लिए एक अभियान चलाकर यह कार्य किया जाना है। सभी अधिकारी इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उसका निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। यह अभियान 15 मई से शुरू किया जा रहा है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि शासकीय विभागों के भूमि आवंटन के प्रकरण लंबित है, उनका तत्परता से निराकरण किया जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से कहा जहां भूमि आवंटन की आवश्यकता है, संबंधित राजस्व अधिकारी से संपर्क कर वांछित कार्यवाही त्वरित सुनिश्चित कराई जाए ।

आयोजित बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर श्री कोचर ने नामांतरण, सीमांकन आदि विभिन्न बिंदुओं पर तहसीलवार समीक्षा करते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने वसूली की समीक्षा करते हुए कहा अभियान चलाकर वसूली की जाए, साथ ही बड़े बकायादारो की वसूली प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए। राजस्व अधिकारियों की आयोजित बैठक के प्रारंभ में सीपीआर की ट्रेनिंग आर.एम.ओ. डॉक्टर विशाल शुक्ला द्वारा दी गई। डॉक्टर श्री शुक्ला द्वारा बताया गया कि हार्ट अटैक और अन्य आकस्मिक घटनाओं के दौरान किस तरह से मरीज को सी.पी.आर. देकर जान बचाई जा सकती है। उन्होंने सर्वप्रथम बताया कि किस तरह से यह सुनिश्चित किया जाए कि हमें क्या और किस तरह करना है। इस दौरान प्रैक्टिकल के बाद उपस्थित अधिकारियों से सी.पी.आर. का प्रदर्शन कराया गया और अधिकारियों के प्रश्नों के जवाब डॉक्टर श्री शुक्ला द्वारा दिए गए।

नोहटा मे निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

बनवार। जबेरा विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी के प्रयासों से उनके गृह ग्राम नोहटा की ग्राम पंचायत भवन में श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट के द्वारा आधुनिक मशीनों सहित निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी नितिन राय द्वारा बताया गया कि नेत्र से संबंधित उपचार के लिए 36 लोगों ने परीक्षण करवाया और लाभ प्राप्त किया जिसमें 25 मरीजों को निशुल्क चश्मे सहित दवाईयों का वितरण किया और 11 मरीजों को निशुल्क बस के माध्यम से चित्रकूट ले जाया गया है जहां सभी मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जायेगा। शिविर में नोहटा सरपंच सोनम लालसिंह यादव जी,मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह, प्रेमसिंह राजपूत, डाक्टर अभिषेक गोइल, भूपेश गंधर्व, पुरषोत्तम दुबे,साहब यादव ,पिंटू रैकवार,उमेश यादव,दीपेश नामदेव मंत्री कार्यालय से सोनू सेन, रत्नेश सिंह लोधी,करन सिंह,शुभम रैकवार जी सहित अन्य

रामचरितमानस एक आदर्श जीवन जीना सिखाती है : छोटे मुरारी बाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम खैजरा में नव कुंडात्मक श्री राम महायज्ञ परम पूज्य श्री दद्दा जी के तत्वाधान में आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रवचन कर्ता छोटे मुरारी बापू यज्ञाचार्य रामेश्वर प्रसाद शास्त्री की रासलीला संत पं.गोपाल महाराज वृंदावन जी के माध्यम से ग्राम खैजरा में चल रहा है यज्ञ के पांचवें दिन प्रवचन में छोटे मुरारी बापू जी ने कहा कि श्री रामचरितमानस एक आदर्श जीवन जीना सीखना है हर मनुष्य को रामचरितमानस पढ़ने चाहिए इसको पढ़ने से हमारे मंदिर का अहंकार पाप द्वेष भावना समाप्त हो जाती है साथ ही बच्चों को पढ़ना अनिवार्य है रामचरितमानस मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता भी बढ़ती है साथ ही हमारे आने वाले पीढ़ी के लिए सनातन का भी पता चलता है कि हम किस सनातन के हैं राम जन्म की कथा सुनाते हुए बापूजी ने कहा कि राम जी का जन्म होते ही अयोध्या धाम में खुशियों की लहर दौड़ गई ब्रह्मांड में नाच गाना होने लगे पुष्प वर्षा होने लगी ब्रह्मांड के सभी देवता देवी देवता झूमकर नाचने लगे क्योंकि कई लोगों सदियों से श्री राम जी के जन्म की सभी को प्रतीक्षा थी क्योंकि श्री राम जी मनुष्य के रूप में जन्म ले रहे हैं और मनुष्य रूप में ही वह है अपना जीवन व्यतीत करेंगे ऐसा समय का सभी देवी देवता को इंतजार था यज्ञ में सुबह हवन पूजन दोपहर में प्रवचन एवं रात्रि में रासलीला का आयोजन किया जाता है।

श्मशान घाट पर लगे हरे भरे वृक्षों पर चली कुल्हाड़ी

हटा। इन दिनों भीषण गर्मी जहां लोगो का वृक्ष ही शीतलता प्रदान करनें में अपनी अहम भुमिका निभाते है तो दूसरी ओर उन्हीं हरे भरे वृक्षों पर कुछ प्रकृति से खिलबाड़ करनें वालो द्वारा कुल्हाड़ी चलाई जा रही है जिससे गर्मी में जहां अंतिम संस्कार करने के समय श्मसान घाट पर छांव मिला करती थी अब वहां इन वृक्षों के कटने से कोसों दूर हो गई। मामला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम भिड़ारी में सामने आया है जहां शासकीय श्मसान घाट की भूमि पर लगे बड़े-बड़े वृक्षों को गांव के ही केशव पुरानी पिता दुर्गा प्रसाद द्वारा तीन बड़े-बडे.वृक्ष काट दिए गये और अपने साथ घर ले जाकर बेचनें का कार्य किया गया जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा तहसीलदार हटा को लिखित शिकायत आवेदन देकर उक्त कृत्य करनें वाले के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की गई वहीं ग्रामवासी हरीश उपाध्याय ओमकार साहू गोविन्द एवं अन्य ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि जिस समय श्मशानघाट से वृक्ष काटे जा रहे थे उसकी सूचना ग्राम कोटवार द्वारा न तो राजस्व विभाग व पुलिस थाना में इसकी सूचना नहीं दी गई।

24 अवतार व समुद्र मंथन की कथा सुन मंत्रमुग्ध हुए लोग

बनवार। बम्होरी ग्राम में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक पंडित आशीष कृष्ण चरणानुरागी ने भगवान के चौबीस अवतारों की कथा के साथ-साथ समुद्र मंथन की बहुत ही रोचक एवं सारगर्भित कथा सुनाते हुए कहा कि यह संसार भगवान का एक सुंदर बगीचा है। यहां चौरासी लाख योनियों के रूप में भिन्न-भिन्न प्रकार के फूल खिले हुए हैं। जब-जब कोई अपने गलत कर्मो द्वारा इस संसार रूपी भगवान के बगीचे को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा करता है तब-तब भगवान इस धरा धाम पर अवतार लेकर सजनों का उद्धार और दुर्जनों का संघार किया करते हैं ।समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए कहा कि मानव हृदय ही संसार सागर है। मनुष्य के अच्छे और बुरे विचार ही देवता और दानव के द्वारा किया जाने वाला मंथन है। कभी हमारे अंदर अच्छे विचारों का चितन मंथन चलता रहता है और कभी हमारे ही अंदर बुरे विचारों का चितन मंथन चलता रहता ।महाराज श्री ने बताया कि जिसके अंदर के दानव जीत गया उसका जीवन दुःखी, परेशान और कष्ट कठिनाइयों से भरा होगा और जिसके अंदर के देवता जीत गया उसका जीवन सुखी, संतुष्ट और भगवत प्रेम से भरा हुआ होगा । इसलिए हमेशा अपने विचारों पर पैनी नजर रखते हुए बुरे विचारों को अच्छे विचारों से जीतते हुए अपने मानव जीवन को सुखमय एवं आनंद मय बनाना चाहिए । कथा के प्रारंभ में शिक्षक चन्नू सिंह ने श्री भागवत भगवान का पूजन कर आरती उतारी गई महाराज श्री ने भागवत भजन के द्वारा माहौल को भागवत मय एवं भक्ति मय बना दिया। कथा सुनने के लिए आस पास के लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है ।

चिलचिलाती धूप में रोजाना हो रहे है सीमांकन

दमोह । जिले में मई की चिलचिलाती तपती दोपहरी में रोजाना सीमांकन के कार्य हो रहे हैं। जिले का राजस्व अमला मेहनत और लगन के साथ कार्य को अंजाम दे रहा है। प्रतिदिन औसतन 70 से 80 सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया जिले में सीमांकन महाअभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा हैं, लगातार लोगों के रिक्वेस्ट भी आ रही है। जिनका सीमांकन नहीं हुआ है, उनका सीमांकन कराया जा रहा हैं।

उन्होंने कहा किसान भाई-बहन और हितग्राही जिनको सीमांकन कराना है, और कर्मचारी चिलचिलाती धूप में सभी काम कर रहे हैं। डेली बेसिस पर औसतन 70 से 80 सीमांकन किये जा रहे हैं और यही गति रही तो 15 जून तक 02 हजार से अधिक सीमांकन कंप्लीट कर लिये जायेंगे, जो कि अपने आप में एक रिकॉर्ड होगा। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जहां पर भी सीमांकन के आवेदन पेंडिंग है, यदि ऐसा लगता है कि सीमांकन नहीं हो पा रहा है, तो बताइए, वह सीमांकन कराने का काम करायेंगे। यदि सीमांकन में लगता है कि किसी प्रकार से कोई दिक्कत आ रही है, सीमांकन कार्य के दौरान तो भी हमें बताइए। उन्होंने कहा इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपेक्षा है।

नरवाई को अपनी आय का साधन बनायें: कलेक्टर

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा नरवाई जलाने की व्यवस्था को हतोत्साहित करने के लिए जिले में एक बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इस पर दो तरीके से काम किया जा रहा है पहले जिन्होंने नरवाई जलाई है, उनके खिलाफ जुर्माना किया जा रहा है और दूसरी तरफ किसान आगे नरवाई ना जलाएं इसके लिए लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे बड़ी संख्या में किसान भाई-बहन शामिल हो रहे हैं और अपनी आंखों के सामने मशीनों के माध्यम से देख रहे हैं की किस प्रकार से नरवाई का भूसा बना करके बेचा जा सकता है और आमदनी प्राप्त की जा सकती हैं। उन्होंने कहा पिछले कुछ समय में नरवाई जलाने में कमी आई है। किसान भाई जागरूक हुए हैं और वह आगे नरवाई को अपनी आय का साधन बनाए इस पर लगातार काम किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा यदि किसी को कहीं पर भी नरवाई जलाने की सूचना मिलती है तो बताएं कार्रवाई की जायेगी।

13 दिवसीय गीष्म कालीन शिविर संपन्न

पथरिया। शासकीय नवीन प्राथमिक शाला सीएम राइज कैम्पस 2 में विगत दिनों से संचालित हो रहें 13 दिवसीय समर कैंप का बीआरसी जे के जैन के मुख्य आतिथ्य एबीआरसी मुन्ना लाल पटेल के विशिष्ट अतिथि व सविता काछी एसएमसी अध्यक्ष की अध्यक्षता में प्रेमजी आजीन फाउंडेशन के ब्लाक प्रमुख सतीश भास्कर के कुशल नेतृत्व में उक्त समर कैंप का संचालन किया गया उक्त कार्यक्रम में सतीश भास्कर व संस्था के शिक्षकगणों ने शिविर में समलित छात्र छात्राओं को शतरंज,केरम, रस्सी कूद, चित्र कला, बाल पेंटिंग व गणित के कठिनाई को सरलतम तरीके से समझाया। उक्त कार्यक्रम का संचालन संस्था के वरिष्ठ शिक्षक कुंजीलाल पाली व आभार प्रदर्शन भागचंद अहिरवार द्वारा किया गया साथ ही कक्षा 5 वीं में जो छात्र छात्राएं मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं उनको स्कूली शिक्षकों व बीआरसी जैन द्वारा कई टिप्स दिए गए जिससे छात्रों के अध्यापन व परीक्षा की तैयारी में सरलता से सफल हो सकें।

श्रीराम नाम संकीर्तन के बिना मनुष्य को भवरूपी समुद्र से मुक्ति मिलना है असम्भव: पं. रवि शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

स्थानीय तीनगुल्ली स्टेशन चौराहा के पास दिव्य भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारम्भ हुई प्रथम दिवस में कथावाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि भगवान श्री राम के संकीर्तन के बिना मुक्ति मिलना असंभव है उन्होने भगवान श्रीराम नाम महिमा का वर्णन किया राम से बड़ा राम का नाम भगवान राम के जन्म से पूर्व इस नाम का उपयोग ईश्वर के लिए होता था अर्थात ब्रह्म परमेश्वर ईश्वर आदि की जगह पहले राम शब्द का ही उपयोग होता था इसलिए इस शब्द की महिमा और बढ़ जाती है तभी तो कहते हैं कि राम से बड़ा राम का नाम शास्त्रों के अनुसार बलशालियों में सर्वाधिक बलशाली राम हैं लेकिन राम से भी बढ़कर राम का नाम है असंख्य संत महात्माओं ने राम का नाम जपते जपते मोक्ष पा लिया राम भक्त हनुमान लक्ष्मण सुग्रीव से लेकर कबीर तुलसी तक सभी राम का नाम ही जपते रहे हैं यही नहीं रावण ने भी अपने अंतिम समय में राम का नाम पुकारकर अपना लोक परलोक सुधारा जब लंका तक पहुंचने के लिए सेतु बनाया जा रहा था तब सभी को संशय था कि क्या पत्थर भी पानी पर तैर सकते है क्या तैरते हुए पत्थरों का बांध बन सकता है तब ऐसे में इस संशय को मिटाने के लिए प्रत्येक पत्थर पर राम नाम लिखा गया सेतु बनने से पूर्व हनुमान जी भी सोच में पड़ गए कि बिना सेतु के मैं लंका कैसे पहुंच सकता हूं लेकिन राम का नाम लेकर वह एक ही फलांग में समुद्र पार कर गए भगवान राम को ही मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है मर्यादा में रहने वाला पुरुष न केवल इस लोक में बल्कि परलोक में भी सुख का भागी होता है सूर्य चन्द्रमा सहित समस्त नवग्रह अग्नि पृथ्वी वायु जल आकाश सभी की अपनी अपनी मर्यादाएं हैं जिस दिन मर्यादाओं का उल्लघ्घन होगा वह दिन पृथ्वी का आखिरी दिन होगा जैसे अगर समुद्र अपनी मर्यादा त्याग दे तो समस्त भूलोक जलमग्न हो जाएगा इसलिए भगवान ने प्रत्येक की मर्यादा की सीमा निश्चित की है अज्ञानतावश जीव स्वयं को कर्ता समझ लेता है कर्ता तो केवल प्रभु हैं यह जगत उन्हीं की लीला है राम उस असीम ऊर्जा का नाम है जो महाजालरूपी ब्रह्माण्ड की केन्द्रीय प्राणशक्ति है। अध्यात्म की शक्ति से मनुष्य हर युग में अपना कायाकल्प करता आया है सनातन धर्म की शक्ति परमात्मा का ज्ञान राम की प्रेरणा वह शक्ति है जो हर बाधाओं को दूर कर सकती है जो प्रकृति के सभी रहस्यों को उजागर करती है। विश्व में मर्यादा स्थापित करने के लिए राम का आह्वान आवश्यक है।

श्रीमद् भागवत कथा में किया भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन

बनवार। खेडार हनुमान मढा मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत साप्ताहिक ज्ञानयज्ञ में पंडित उमाशंकर शास्त्री जी के द्वारा कथा सुनाई जा रही है। जिसमें कथा सुनने बड़ी संख्या मैं श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान श्रीकृष्णजी जन्मोत्सव की लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को हमेशा धर्म के मार्ग पर चलकर समाज सेवा में लोगों को आगे आना चाहिए। मानव जब इस संसार में पैदा लेता है तो चार व्याधि उत्पन्न होते हैं। रोग, शोक, वृद्धापन और मौत मानव इन्हीं चार व्याधियों से बीच इस मायारूपी संसार से विदा लेता है। सांसारिक बंधन में जितना बंधोगे उतना ही पाप के नजदीक पहुंचेगा। इसलिए सांसारिक बंधन से मुक्त होकर परमात्मा की शरण में जाओ तभी जीवन रूपी नैय्या पार होगी। आज के दौर में परेशानी और अविश्वास बढ़ता जा रहा है। इससे समाज में खींचतान, स्वार्थ, लोभ, दुख, पतन, विकृतियों का अम्बार लगा हुआ है। ऐसे में समाज को युग के अनुरूप दिशा चिंतन, व्यवहार, परमार्थ के लिए हृदय में परिवर्तन के लिए श्रीमद भागवत कथा है श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए आसपास सें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित किया।

माता-पिता के चरण पकड़ लो, किसी और की चरण वंदना की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

कुंडलपुर पटेरा रूंद वाले हनुमान मंदिर में आयोजित कथा के मार्गदर्शक महंत श्री गजेन्द्र पुरी जी महराज श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन सभी ने भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया. कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी द्वारा नंद बाबा के घर पर उत्सव के माहौल का सुंदर वर्णन करने के साथ आयोजन स्थल का पूरा माहौल भी नंदोत्सव के रंग में पूरी तरह से रंग गया। भक्तों ने भजनों की धुनों पर मगन होकर से थिरकते हुए श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद उजागर किया। बासुदेवजी के रूप में श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव का आनंद मनाते हुए भक्तों के बीच खूब मिठाई, टॉफीयां और बधाईयां बांटी गयी। कथा प्रसंग में कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने कहा कि भगवान युगों-युगों से भक्तों के साथ अपने स्नेह रिश्ते को निभाने के लिए अवतार लेते आये हैं। कथा व्यास किशोरी जी ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के भाव और प्रेम से बंधे है. उनसे भक्तों की दुविधा कभी देखी ही नहीं जाती। वे अपने भक्तों की कामना की पूर्ति तो करते ही है साथ ही उनके साथ अपने स्नेह बंधन निभाने खुद इस धरा पर आते हैं।आज की कथा में वामन अवतार, समुंद्र मंथन, श्री राम जन्मोत्सव और भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का सुंदर और भाव पूर्ण वर्णन किया। किशोरी जी ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के साथ सदा हर पल खड़े रहते हैं। वे भक्तों के हाथों से दी प्रेम और भाव के साथ दी गई वास्तु उसी तरह ग्रहण करते हैं, जिस तरह से उन्होंने द्रौपदी का पत्र और गजेंद्र का पुष्प ग्रहण किया। भगवान ने काल रुपी मकर से भक्त गजराज की रक्षा की तो द्रौपदी के पुकार पर उसका संकट मिटाने स्वयं दौड़े चले आये। यह सारी कथाएं ये प्रमाणित करती हैं कि भक्तों के भाव से सदा बंधे रहनेवाले भगवान भक्तों के साथ अपना स्नेह निभाने खुद आते हैं. ठाकुरजी सिर्फ यह कभी नहीं चाहते कि उसके भक्त के पास अहंकार रहे। ठाकुरजी अपने भक्त से ये भी कहते हैं कि मुझे, वो वस्तु अर्पित कर, जो मैंने तुझे कभी नहीं दी। ठाकुरजी कहते हैं- ऐसी कोई वस्तु जो मैंने तूझे नहीं दी, वह अहंकार है. यह मैंने तूझे नहीं दिया. बल्कि तूने खुद इसे अपने भीतर तैयार किया है।

किशोरी जी ने कहा भगवान को अगर पाना है तो मन में इस भाव को बसा लेना होगा कि मेरा सब कुछ मेरे ठाकुरजी है। मेरे पास अपना कुछ भी नहीं जो कुछ भी है सो मेरे ठाकुर जी का ही है। गजेंद्र मोक्ष पाठ की महिमा बताते हुए किशोरी ने कहा कि जो भी यह पाठ करता है. उस पर ठाकुरजी की कृपा सदा बनी रहती है। संकट उस पर सपने में भी नहीं आते. माता-पिता के चरण पकड़ लो, किसी और की चरण वंदना की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी. किशोरी जी ने कहा कि जीवन में सब कुछ जरूरी है पर एक मर्यादा के अंदर सभी हो तो तभी तक सब ठीक है। किशोरी जी ने समुंद्र मंथन से जुड़ी कई रोचक कथाएं सुनाईं. उन्होंने कहा कि अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है. ठीक उसी प्रकार जैसे अहंकार से ग्रसित दानवों ने समुंद्र मंथन के समय बासुकी नाग के मुख को पकड़ना श्रेयस्कर समझा और भगवान के मोहिनी रूप पर मंत्र मुग्ध हो उठे। भगवान के वामन अवतार को तीन कदम आश्रय स्थली दान में देने के बाद राजा बलि को पाताल लोक की शरण लेनी पड़ी। इसलिए कुछ भी करो, सोच समझ कर करो, जो कुछ भी तोल-मोल कर बोलो. मीठा और मधुर बोलो। आज कथा में अनेकों लोगों ने व्यासपीठ का पूजन किया और भागवत भगवान की आरती उतारी। किशोरी जी ने बताया कि कल भगवान की बाल लीलाओं के वर्णन के साथ गिरीराज पूजन और छप्पन भोग लगेगा।

जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है, प्रभु उनका निवारण करने जरूर आये

बनवार। चौबीसा कस्बे के ग्राम चिलोद (टपरिया)चल रही इन दिनों सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा व्यास पंडित कृष्ण कांत गौतम ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि सातवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मा देवकी को वापस देना सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास कृष्ण कांत ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं । उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र से सखा सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया हुआ। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है। प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं।

फूलों की होली के साथ श्रीमद भागवत महापुराण का विश्राम

बनवार। ग्राम बनवार वैशाख मास के पावन अवसर पर बस स्टैण्ड स्थित अग्रवाल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा सप्ताह के सातवें दिन कथा प्रवक्ता बालव्यास पं. ऋषिकांत गर्ग जी बताया कि सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा। अर्थात निस्वार्थ समर्पण ही असली मित्रता है। कथा के दौरान परीक्षित मोक्ष व भगवान सुखदेव की विदाई का वर्णन किया गया। कथा के बीच-बीच में भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रोता मौजूद थे। कथा वाचक ने बताया कि भागवत कथा का श्रवण से मन आत्मा को परम सुख की प्राप्ति होती है। भागवत में बताए उपदेशों उच्च आदर्शों को जीवन में ढालने से मानव जीवन जीने का उद्देश्य सफल हो जाता है। सुदामा चरित्र के प्रसंग में कहा कि अपने मित्र का विपरीत परिस्थितियों में साथ निभाना ही मित्रता का सच्चा धर्म है! मित्र वह है जो अपने मित्र को सही दिशा प्रदान करे,जो कि मित्र की गलती पर उसे रोके और सही राह पर उसका सहयोग दे सुदामा चरित्र व सुखदेव विदाई का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए। मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। भगवान कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया कि जब गरीबी में रह रहे थे तो अपने मित्र के पास तो आ सकते थे, लेकिन सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा।

खबर संक्षेप

झोलाछाप डॉक्टरों पर हुई कार्यवाही चर्चित

पथरिया। जिला कलेक्टर के निर्देश पर विगत दिनों क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन के खुद को विशेषज्ञ समझ इलाज कर रहे हैं शिकायत दर्ज होने पर जिला कलेक्टर द्वारा एसडीएम पथरिया व स्वास्थ्य विभाग की टीम बनाकर छापामार कार्यवाही की गई जिसमें ग्राम पंचायत मेहलवारा में चल रहे 30-40 पलंगो पर मरीजों की संख्या देखकर एसडीएम आश्चर्य चकित रह गये। वही दूसरे दिन नगर के दमोह रोड पर पटेल अस्पताल नंदलाल पटेल के यहां कार्यवाही की गई। लेकिन विगत दिनों जब एफआईआर दर्ज कराने की कार्यवाही की गई तो उसमें सिर्फ एक एफआईआर दर्ज हुई जबकि 3 होना थी जिसको लेकर प्रशासन की कार्यवाही पर सवाल खड़े हो रहें हैं कि आखिर एक पर एफआईआर दर्ज वाकि पर आखिर क्यों मेहरबानी की जा रही है। वही प्रशासन की कार्यवाही के कारण कुछ दिनों तो अस्पताल बंद रही लेकिन दो दिन से सुबह 8 से 11 व शाम 4 से 8 तक पुनः खोली जा रही है। जबकि विभाग द्वारा साफ कहा गया कि पहले जिला स्वास्थ्य समिति में रजिस्ट्रेशन कराया जाए उसके बाद जिस पैथी से कोर्स है उस पैथी से इलाज करें लेकिन कोई सुधार नहीं होम्योपैथी, आयुर्वेद डाक्टर ऐलोपैथिक इलाज कर रहे जहां छापामार कार्यवाही वहां पीछे के दरवाजे से इलाज किया जा रहा है। मतलब जिला कलेक्टर के निर्देश पर कार्यवाही तो हो गई पर आगे की कार्यवाही में ना जाने क्या दिक्कतें सामने आ रही है। जिला कलेक्टर से मांग बिना किसी सूचना के आकस्मिक निरीक्षण कराए जाएं ताकि जो बेरोकटोक संचालित कर रहे हैं उन पर निष्पक्ष कार्यवाही की जाएं।

मुनिश्री वीर सागर जी का मंगल विहार कुंडलपुर से

दमोह। सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर की पावन धरा से महासमाधिधारक संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से निर्यापक श्रमण मुनि श्री वीर सागर जी महाराज ,क्षुल्लक श्री मनन सागर जी महाराज ,क्षुल्लक श्री विचार सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री विरल सागर जी महाराज का मंगल विहार हुआ।

उचित मूल्य दुकान जलेहरी का ग्राम पंचायत से होगा संचालन

उचित मूल्य दुकान जलेहरी निलंबित, 5 लाख की अधिक की वसूली प्रस्तावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत तेंदूखेड़ा एसडीएम के मार्गदर्शन में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जबेरा द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान जलेहरी की जाँच की गई। शासकीय उचित मूल्य दुकान जलेहरी के विक्रेता एवं सहायक विक्रेता द्वारा सामग्री का वितरण हितग्राहियों को न करके अपयोजन किया गया। यह कृत्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 की कंडिका एवं दुकान आवंटन प्राधिकार पत्र की शर्त का स्पष्ट उल्लंघन के आरोप में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय मानते हुये सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 की कंडिका के अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान जलेहरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से सेवा सहकारी समिति नोहटा में संलग्न किया गया हैं। साथ ही शासकीय उचित मूल्य दुकान जलेहरी का संचालन नियमानुसार ग्राम पंचायत जलेहरी से किया जाये। जाँच प्रतिवेदन अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान जलेहरी के विक्रेता राघवेंद्र सिंह ठाकुर एवं सहायक विक्रेता चंद्रेश सिंह ठाकुर के द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत प्राप्त उपभोक्ता सामग्री का वितरण हितग्राहियों को न करके अपयोजन किया गया है। जिसकी बाजार मूल्य से वसूली योग्य राशि 5 लाख 23 हजार 197 रूपये है। जिसकी वसूली शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता राघवेंद्र सिंह ठाकुर एवं सहायक विक्रेता चंद्रेश सिंह ठाकुर से किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

धर्म आयतन से पाप करने वाले भयंकर दुर्गति को प्राप्त होते हैं: मुनिश्री सुधा सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं आचार्य श्री समय सागर जी के शिष्य निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी एवं श्री प्रसाद सागर जी महाराज संघ सहित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर की में विराजमान है। मुनि संघ के सानिध्य में प्रतिदिन विविध धार्मिक आयोजन में सैकड़ो लोग शामिल होकर धर्म लाभ वर्जित कर रहे हैं। दिगंबर जैन धर्मशाला में सोमवार को प्रातः धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ने कहा कि पथ में रहने वाले लोग लूटते हैं किंतु पथ बदनाम हो जाता है। इसी तरह धर्म करने वाले कुछ लोग गलत काम करते हैं और धर्म को बदनाम करते हैं। कुछ दुष्ट लोग धर्म के स्थानों पर भी पाप कार्य करने से बाज नहीं आते। धर्म आयतन से पाप करने वाले भयंकर दुर्गति को प्राप्त होते हैं। दुर्योधन जिसके पास सारी महाशक्ति थी संसार की सभी महारथी उसके पास थे। तात श्री भी उसका साथ दे रहे थे। वह उस समय संसार का सबसे पुण्यशाली व्यक्ति था। किंतु एक दुर्गण से पापीआत्मा बन गया। वह अपने से बड़ों को भी अपनी इच्छानुसार चलाना चाहता था। वह सभी को अपनी इच्छा अनुसार लड़वाना चाहता था। वह सोचता था सभी लोग मेरे लिए लड़ेंगे। ऋषभदेव की गोदी में खेलने वाला पोता मरिच जगत का सबसे बड़ा पापी बना। क्योंकि वह ऋषभदेव को अपनी इच्छा अनुसार चलाना चाहता था। बड़ों की छाया मिले और उन्हें तुम अपने अनुसार चलाना चाहते हो तो तुम भी आज के दुर्योधन से कम नहीं हो। इच्छा अनुसार कार्य करने से हमें पापी की संज्ञा प्राप्त होती है। दुर्योधन कहता है मुझे आपसे चाहिए आप नहीं जबकि अर्जुन श्री कृष्ण से कहते हैं मुझे आप चाहिए आपसे नहीं। दोनों की विचारधारा में बहुत अंतर है। हमें विचार करना है की हमें मां-बाप से चाहिए या मां-बाप चाहिए। हमें अपने भाई से चाहिए या भाई चाहिए। पति से चाहिए या पति चाहिए। सीता जी ने कहा था मुझे राम से नहीं चाहिए मुझे राम चाहिए। और इसीलिए वे उनके साथ वनवास चली गई थी। यही कारण है कि राम से पहले सीता का नाम लिया जाता है और सब सीताराम बोलते हैं। मंगलवार को प्रातः बेला में मुनि संघ सानिध्य में मुनि श्री पदम सागर जी का दीक्षा दिवस मनाया जाएगा।

निर्यापक मुनि श्री सुधासागर जी महाराज एवं मुनि श्री प्रशाद सागर जी महाराज प्रातः काल जटाशंकर के समीप स्थित गौशाला का निरीक्षण करने पहुचे। गौशाला को और अधिक विकसित करने के लिए पदाधिकारियों को सुझाव दिए गौशाला में सेवा कर रहे कर्मचारियों को आशीर्वाद दिया।

इसके पश्चात महाराज सिविल वार्ड भाई जी मंदिर पहुंचे जहां दर्शन उपरांत उन्होंने सिविल वार्ड में प्रस्तावित धर्मशाला एवं आश्रम की जमीन का निरीक्षण किया। इसके पूर्व मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ने चौधरी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए तथा यहां प्रस्तावित धर्मशाला भूमि का निरीक्षण का आशीर्वाद दिया।

बारह वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

हटा। अनुविभाग के गैसाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कचनारी में रविवार की देर शाम एक किशोरी बालिका द्वारा घर में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।पुलिस को मिली सूचना पर मौके पर पहुंची गैसाबाद पुलिस द्वारा शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल हटा भेजा गया जहां सोमवार के दिन मृतिका किशोरी का पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंपा गया।जानकारी के अनुसार ग्राम कचनारी निवासी वृन्दावन प्रजापति की 12 बर्षीय बेटी ने घर की गौशाला में लगे लकड़ी के गुल्ले से गले में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर जान दे दी। परिजन जब तक कुछ समझ पाते तब तक देर हो चुकी थी और किशोरी की मौत हो गई। गैसाबाद पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया किस वजह से किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी कारण अभी अज्ञात बना हुआ है।

अच्छे संस्कारों से ही पीढ़ी संस्कारवान होती है : पंडित श्यामसुंदर शास्त्री

हटा। नगर के गौरीशंकर वार्ड हरदौल चौक में चल रही श्रीमदभागवत कथा में कथा वाचक बाल व्यास पं.श्यामसुंदर शास्त्री ने कहा कि भगवान कृष्ण ने अनेकों लीलाएं की अनेकों असुरों का संहार करते हुए माखन चोरी करना गायों को स्वंय चराने जाना, यमुना का जल शुद्व करना आदि पवित्र लीलाएं कर गोवर्धन पर्वत पर पूजन कर जन मानस को संदेश दिया की हम अपने आस पास का वातावरण शुद्व रखें जल का सम्मान करें जंगल के वृक्ष न काटे ताकि पर्यावरण शुद्ध रहें। उसी प्रकार रास लीला करते हुए पुनः अरिष्टासुर दैत्य का वध करते हुए कंस की नगरी मथुरा पुरी जाकर अनेक भक्तो का उद्धार किया। कंस ने पृथ्वी पर अत्याचार किया था युद्व कर कंस का संहार किया एवं अपने माता पिता को कारावास से मुक्त कराके पुनः श्सूरसेन को मथुरा पुरी का राजा बनाया।.प्रभु का कार्य है कि जब तक पृथ्वी पर धर्म स्थापित न हो जाए जब तक वह अनेक प्रकार की लीलाएं करते रहते है.आगे प्रभु ने जरासंध नाम के राक्षस के उत्पात के कारण द्वारका पुरी का निर्माण कर द्वारकाधीस बन गये।

तालाब की खुदाई में मिली प्राचीनकालीन मूर्तियां व अवशेष, दर्शन को उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बांदकपुर

बांदकपुर मैं प्राचीन धुबाऊ तलैया में रातों-रात मुरम का अवैध उत्खनन मशीनों के द्वारा किया जा रहा था और खुदाई के दौरान प्राचीन कालीन मूर्तियां और कुछ अवशेष मिलने के बाद आसपास के लोग उमड़ पड़े। मूर्तिया मिलने की खबर आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई क्योंकि प्राचीन कालीन दुर्लभ मूर्तियां और कुछ अवशेष मिले है। बताया जाता है खुदाई में मिली मूर्तियां व अवशेष पुरातत्व कालीन मढ़ा मंदिर की हो सकती है। या फिर किसी ने इस तालाब में यह मूर्तियां फेंक देने की संभावना व्यक्त की जा रही है। तालाब की खुदाई में मूर्तिया मिलने की खबर लगते हैं नायब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी पटवारी परम विश्वकर्मा मौके पर पहुंचे और मूर्तियों का पंचनामा बनाते हुए बांदकपुर मंदिर के कैंपस में मंदिर ट्रस्ट की संरक्षण में दो मूर्तियां तीन पत्थरों के अवशेष सुरक्षित रखवा दिए हैं। पुरातत्व विभाग को इस पूरे मामले की जानकारी दी गई है। बता दें बांदकपुर ग्राम पंचायत की प्राचीन धुबाऊ तलैया मैं रातों-रात अवैध उत्खनन मशीनों के द्वारा किया जा रहा था और यहां की मुरम निकाल कर मुरम माफिया मुरम को बेचने का गोरख धंधा रातों-रात कर रहे थे। हैरानी की बात तो यह है इसकी भनक ना तो ग्राम पंचायत को थी और ना ही समीपी की पुलिस चौकी में पुलिस ने तालाब मैं हो रहे अवैध उत्खनन के इस मामले को संज्ञान में लिया जबकि कलेक्टर के द्वारा मशीनों द्वारा अवैध उत्खनन पर पूरी तरह से रोक लगाई गई है फिर भी बांदकपुर ग्राम में स्थित तालाब में रातों-रात अवैध उत्खनन किया जा रहा था। पूरा मामला तब संज्ञान में आया जब सुबह तालाब से खुदाई के दौरान दुर्लभ मूर्तियां और कुछ अवशेष संरक्षण में सुरक्षित रखवा दिया गया है और पुरातत्व विभाग कुछ की सूचना दी गई है। तालाब में अवैध उत्खनन को लेकर पटवारी को निर्देशित किया गया है जांच प्रतिवेदन बनाने के लिए। ग्राम पंचायत सचिव हरिशंकर पटेल का कहना है पंचायत के द्वारा तालाब से खुदाई की कोई अनुमति नहीं दी गई थी। बगैर अनुमति के अज्ञात लोग रातों-रात जेसीबी मशीन लगाकर ब्रह्म की खुदाई कर रहे थे खुदाई के दौरान यह प्रतिमा मिली है।

बीच सड़क खराब हुआ ट्रक,भूसा से ओवरलोड ट्रॉली फसी, लगा जाम

सिंग्रामपुर। दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे सिग्रामपुर में एक ट्रक बीच सड़क पर खराब हो गया और ओवरलोड भूसा से भरी ट्राली फसने की वजह से कुछ समय के लिए आवागमन ठप होने से जाम लग गया। जरूरी कार्यों के लिए घर से निकले लोगों को परेशानी झेलना पड़ी झेल गए। पुलिस के न पहुंचने पर स्थानीय लोगों की मदद ट्रक को धक्का देकर किनारे किया तब कही जाकर वाहनों के आवागमन को सामान्य कराया। इस दौरान सड़क के दोनों साइड वाहनों की कतारें लग गई थी।

परिणामों को परिवर्तित करने का नाम ही मोक्ष मार्ग है: मुनिश्री महासागर

कुंडलपुर दमोह। सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र, जैन तीर्थ कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से पूज्य मुनि श्री महासागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा जब तक स्वयं के चित्त में मुक्ति की अवधारणा जागृत नहीं होगी तब तक मुक्ति का लाभ आत्मा को नहीं मिल सकता। उनका कहने का तात्पर्य है तुमको मोक्ष पुरुषार्थ के लिए स्वयं अपनी अवधारणा को बदलना होगा। तुम्हे मुक्ति को प्राप्त करने के लिए स्वयं उस मार्ग पर चलना होगा। तभी उस मुक्ति का लाभ आपको मिल पाएगा

।कर्मबंधन से मुक्ति के लिए हमें अपने परिणामों को बदलना होगा। हमारे यहां देव शास्त्र गुरु को निमित्त कहा गया है। उस निमित्त को देखकर के उस निमित्त को समझ करके उपादान को जागृत करना है। कर्म वंधन से मुक्त हो सकता है ।समो शरण में दिव्य ध्वनि दिन में चार बार खिरती है। गुरु महाराज कहते हैं दिव्य ध्वनि तो आज भी खिर रही है उस दिव्या ध्वनि की वर्गणाये आज भी हमारे पास आ रही हैं। जो वर्गणायें हैं वह यहां तक आज भी आ रही है लेकिन उन दिव्य ध्वनि की वर्गणाओं का लाभ हम आज भी ले नहीं पाए। क्यों नहीं ले पाए हम उपयोग अन्य जगह लगा रहे हैं ।उपयोग को वहां लगा नहीं पा रहे हैं ।गुरु महाराज कहते हैं उन गुण स्थानों पर चल नहीं सकते पर उन गुण स्थान को छू तो सकते हैं। परिभाषाओं के माध्यम से उन परिणामों को वहां लेकर तो जाओ अगर यह प्रयोग नहीं करते तो यह तुम्हारा प्रमाद कहलाएगा। तुम्हारी भूल कहलाएगी हम भले उन गुण स्थान तक नहीं पहुंच पा रहे है पर ध्यान प्रयोग के माध्यम से उस गुणस्थान को छूने का पुरुषार्थ करना चाहिए ।गुण स्थान तक पहुंचाने का पुरुषार्थ करना चाहिए। भले अनुभूति ना हो हमें लेकिन परिणामों के माध्यम से सामने तो आना चाहिए। लक्ष्य क्या है बंदे तद गुण लब्धे। हम वंदन क्यों कर रहे हैं ।मोक्ष मार्ग की जितनी क्रियाएं होती हैं श्रावक की हो या श्रमण की हो कोई फर्क नहीं पड़ता। आप श्रावक हो या श्रमण हो दोनों की क्रिया का जो लक्ष्य हुआ करता है वह एक हुआ करता है ।कर्म क्षय सम्यक दृष्टि श्रावक भी जो किया करता है कोई बिना लक्ष्य यात्रा करता है उसे यात्रा कहेंगे या भटकाव कहेंगे बोलो भटकाव कहोगे। पर यात्रा तो लक्ष्य को लेकर चलती है ।सम्यक दृष्टि चाहे चतुर्थ गुणस्थान का हो या कहीं का हो वह लक्ष्य तो आत्म उपलब्धि हुआ करती है ।उस लक्ष्य के बिना उस मंजिल को प्राप्त कर ही नहीं सकता।

कलेक्टर-एसपी ने मतगणना स्थल का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार लोकसभा निर्वाचन 07-दमोह संसदीय क्षेत्र की मतगणना 04 जून होगी। इसी के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के साथ स्थानीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के कक्षों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर एवं पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने मतगणना स्थल के ब्लू प्रिंट का अवलोकन किया और वस्तु स्थिति जानी। उन्होंने प्रत्येक कक्ष में पहुंचकर मतगणना स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने मतगणना स्थल पर आवागमन से लेकर पेयजल सहित बुनियादी सुविधाओं के बारे में नगरीय निकाय के सहायक परियोजना अधिकारी कपिल खरे को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पंडाल व्यवस्था आदि के संबंध में चर्चा की गई। वाहन पार्किंग व्यवस्था के साथ आमजन के आने जाने तथा अन्य सुविधाओं के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, सीएसपी अभिषेक तिवारी, सहायक संचालक महिला बाल विकास संजीव मिश्रा, ई-गर्वेनेंस प्रबंधक महेश अग्रवाल, लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर श्री तिवारी, थाना प्रभारी कोतवाली श्री ठाकुर सहित अन्य विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे।

वर्षो बाद भी नहीं हुई दुकानों की नीलामी

गैसाबाद। गैसाबाद हाट बाजार एवं दुकानों का निर्माण कार्य पंचायत प्रशासन द्वारा करीबन 10 वर्ष पूर्व ग्रामीण जनों की सुविधा के लिए कराया गया था लेकिन अफसोस की 10 वर्ष बाद भी दुकानों की नीलामी नहीं हो सकी। प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस थाना के सामने हटा रोड पर मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना के अंतर्गत ग्राम में भी हाट बाजार का निर्माण कार्य कराया गया था। यह निर्माण कार्य शुरू से ही विवादों में रहा है ग्राम का साप्ताहिक बाजार शुरू से ही बस स्टैंड बंजारी चौक पर लगता आ रहा है। यहीं पर स्थानीय लोगों की दुकान आदि स्थापित है लेकिन पंचायत प्रशासन द्वारा बस स्टैंड से दूर पंचायत कार्यालय के पास हाट बाजार का निर्माण कार्य कराया गया था जो गांव से दूर है। वहां पर लोगों की आवक जावक बहुत कम मात्रा में होती है, हाट बाजार में दुकानों का भी निर्माण हुआ था। वह दुकाने छोटे दुकानदारों को वितरण होनी थी लेकिन 10 साल के लंबे समय के बाद भी दुकानों की नीलामी आज तक नहीं की गई। दुकानों में कुछ लोगों द्वारा अपना सामान रख के कब्जा किया गया है ,कुछ दुकानों में राशन दुकान का अनाज रखा जाता है। जबकि ग्राम में बहुत पुरानी सेवा सहकारी समिति की दुकान उपलब्ध है। लेकिन इसके बावजूद भी राशन विक्रेता द्वारा हाट बाजार की दुकानों मे अनाज रखा जा रहा है जो नियम विरुद्ध है पंचायत की दुकानों पर अन्य लोगों का कब्जा है जबकि छोटे-मोटे दुकानदार फुटपाथ पर अपनी दुकान लगा रहे है।

इसी तरह सन 2014 में पंचायत प्रशासन द्वारा श्री चंडी माता के पास पुरानी पंचायत कार्यालय के पीछे कुछ दुकानों का निर्माण कार्य कराया गया था जिसमें कुछ व्यापारियों ने पैसा इकट्ठा करके पंचायत कार्यालय में जमा किया था। बाकी का पैसा पंचायत प्रशासन द्वारा लगा कर दुकानों का निर्माण कार्य किया गया था। लेकिन बहुत समय बीत जाने के बाद भी यह दुकाने व्यापारियों को प्राप्त नहीं हुई है। व्यापारियों ने पंचायत प्रशासन से हाट बाजार की दुकाने खाली करा कर नीलामी किए जाने की मांग की है। ताकि छोटे व्यापारियों को दुकानों का लाभ प्राप्त हो सके। इस पूरे मामले पर जब पंचायत सचिव धुनसिंह राजपूत से बात करनी चाहिए तो हमेशा की तरह आज भी उनसे संपर्क नहीं हो सका।

नहीं बना विद्यालय का नवीन भवन

मडियादो। उपतहसील मडियादो में शिक्षा विभाग द्वारा एक आधा सैकड़ा विद्यालयों के संचालन के संकुल केंद्र बनाया गया है । संकुल केंद्र होने ओर लंबे अरसे से हायर सेकेंड्री विद्यालय शुरू होने के बाद भी आज तक भवन नही बन पाया। संकुल केंद्र सहित उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र हाई स्कूल के भवन में बैठकर अध्यापन करने को मजबूर है। हाई स्कूल के भवन में पर्याप्त कक्ष न होने के चलते छात्र बैठक व्यवस्था साल भर अव्यवथित रहती है। जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और अधिकारियों की उपेक्षा का उदाहरण है ।कॉलोनी स्थित हाई स्कूल भवन में 10 कमरे है जिनमे से छात्र बैठक व्यवस्था के लिए 7 कमरे ओर दो कंप्यूटर कक्ष के लिए है। वही एक कमरे में विद्यालय का ऑफिस संचालित होता है। जानकारी के अनुसार वर्ष 1964 में मडियादो में हाई स्कूल शुरू हुआ था और जिसके कुछ समय बाद में 11 वीं बोर्ड कक्षा के साथ उच्च माध्यमिक विद्यालय की शुरुआत हुई। 46 वर्ष तक हाई और हायर सेकेंड्री विद्यालय माध्यमिक शाला के भवन में संचालित होता रहा। 2010 में इंदिरा कॉलोनी में हाई स्कूल का भवन स्वीकृत होकर निर्मित हुआ । चालू शिक्षा सत्र में छात्र दर्ज संख्या पर नजर डाली जाए तो स्पष्ट हो जाएगा की 7 कमरे में 800 छात्र कैसे बैठते होगे और शिक्षको द्वारा क्या अध्यापन कराया जाता होगा। । इस संबंध में प्राचार्य ममता छिरोल्यां ने बताया की छात्र बैठक व्यवस्था के लिए पर्याप्त जगह नहीं है जिसके चलते समस्या होती है।

जब त्रेता में प्रभु श्रीराम प्रकट हुए थे तो अवध में एक महीने तक सूर्य अस्त नहीं हुआ था: दिव्या देवीजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

ग्राम नंदरई में चल रही रामकथा के तीसरे दिन कथावाचिका पूज्य दिव्या देवी जी ने भगवान श्री राम के जन्म की कथा सुनाई, उन्होंने कहा की त्रेतायुग में रामलला के जन्म के बाद नगर को ध्वजा, पताका और तोरणों से इस प्रकार सजाया गया, जिसका वर्णन शायद ही किया जा सकता है, आकाश से पुष्पवृष्टि हो रही थी और सभी ब्रह्मानंद में मग्न थे बच्चे के रोने की बहुत ही प्यारी ध्वनि सुनकर सब रानियाँ उतावली होकर दौड़ी चली आईं दासियाँ हर्षित होकर जहाँ-तहाँ दौड़ीं, सारे पुरवासी आनंद में मग्न हो गए।

राजा दशरथ पुत्र का जन्म कानों से सुनकर मानो ब्रह्मानंद में समा गए। मन में अतिशय प्रेम है, शरीर पुलकित हो गया बुद्धि को धीरज देकर वे उठना चाहते हैं, जिनका नाम सुनने से ही कल्याण होता है, वही प्रभु मेरे घर आए हैं यह सोचकर राजा का मन परम आनंद से पूर्ण हो गया। उन्होंने बाजेवालों को बुलाकर कहा कि बाजा बजाओ। गुरु वशिष्ठ के पास बुलावा गया, वे ब्राह्मणों को साथ लिए राजद्वार पर आए उन्होंने जाकर अनुपम बालक को देखा, जो रूप की राशि है और स्त्रियाँ झुंड-की-झुंड मिलकर चलीं।

स्वाभाविक श्रृंगार किए ही वे उठ दौड़ीं सोने का कलश लेकर और थालों में मंगल द्रव्य भरकर गाती हुई राजद्वार में प्रवेश करती हैं।वे आरती करके निछावर करती हैं और बार-बार बच्चे के चरणों पर गिरती हैं। मागध, सूत, वंदीजन और गवैये रघुकुल के स्वामी के पवित्र गुणों का गान करते हैं वहीं माता कैकेयी और सुमित्रा इन दोनों ने भी सुंदर पुत्रों को जन्म दिया। उस सुख, संपत्ति, समय और समाज का वर्णन सरस्वती और सर्पों के राजा शेष भी नहीं कर सकते अवधपुरी इस प्रकार सुशोभित हो रही है, मानो रात्रि प्रभु से मिलने आई हो और सूर्य को देखकर मानो मन में सकुचा गई हो, परंतु फिर भी मन में विचार कर वह मानो संध्या बन (कर रह) गई हो जब त्रेता में प्रभु श्रीराम प्रकट हुए थे तो अवध में एक महीने तक सूर्य अस्त नहीं हुआ था।